प्रेस विज्ञप्ति

निवारक सतर्कता पर आवास वित्त कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) के क्षेत्रीय प्रतिनिधि कार्यालय, लखनऊ द्वारा दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में आवास वित्त कंपनियों (आ.वि.कं.) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ निवारक सतर्कता पर बैठक का आयोजन किया गया। श्री वी. के. त्यागी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, राष्ट्रीय आवास बैंक एवं श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गयी। सहभागियों में आवास वित्त कंपनियों के क्षेत्रीय एवं क्षेत्रीय प्रमुखों सहित विभिन्न अधिकारीगण शामिल थे।

श्री वी. के. त्यागी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, राष्ट्रीय आवास बैंक ने अपने संबोधन में दंडात्मक सतर्कता के विपरीत निवारक सतर्कता को अपनाने के लिए संगठनों के भीतर नैतिक प्रथाओं के अनुसरण करने पर जोर दिया। श्री राहुल भावे, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा सांस्कृतिक महत्ता को अपनाने के लिए संगठन के मूल मूल्यों जैसे पारदर्शिता, प्रकटीकरण एवं उचित कॉरपोरेट अभिशासन प्रथाओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रस्तुति पश्चात प्रश्न एवं उत्तर हेतु सत्र का आयोजन किया गया। धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक का समापन हुआ।